पत्रांक– डी0डी0–1–विविध–10 / 19–20 10039 (म)

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

राजेश कुमार सिंह,
सरकार के अपर सचिव।

सेवा में,

सभी कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग, बिहार।

पटना, दिनांकः– 23/10/26

विषयः– बिहार राज्यन्तर्गत सभी जिलों में समाहरणालय भवन एवं जिलाधिकारी आवास भवन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार राज्य अन्तर्गत सभी जिलों में समाहरणालय भवन एवं जिलाधिकारी के आवास के संबंध में निम्नलिखित सूचना वांक्षनीय हैः–

1. क्या समाहरणालय भवन का संचालन सामान्य प्रशासन विभाग के भवन में हो रहा है ? यदि नहीं तो वर्तमान में किस विभाग के भवन में संचालित है।
2. क्या जिलाधिकारी आवास भवन सामान्य प्रशासन विभाग के भवन में है ? यदि नहीं तो वर्तमान में जिलाधिकारी आवास किस विभाग का भवन है।

अतः निदेशित किया जाता है कि उपरोक्त के संबंध में वांक्षित सूचना 24 घंटे के अन्दर उपलब्ध कराना सूनिश्चित किया जाय।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय।

विश्वासभाजन

23/10/26

(राजेश कुमार सिंह)
सरकार के अपर सचिव

En-in Chif Letter-vk